**C** **M**

# वार्षिक परीक्षा 2024

समय : 3 घण्टे

कक्षा-IX

पूर्णांक : 70

## विषय : सामाजिक विज्ञान

नोट: (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

### खण्ड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट-सही विकल्प चुनकर OMR शीट में भरिये- प्रत्येक 1 अंक

1- महान दार्शनिक वाल्टेयर ने किस देश की क्रान्ति को प्रभावित किया था-

(i) अमेरिका (ii) इंग्लैण्ड (iii) रूस (iv) फ्रांस

2- 'द सोशल कॉन्ट्रेक्ट' किसकी रचना है-

(i) हॉब्स (ii) लॉक (iii) रूसो (iv) मॉण्टेस्क्यू

3- संथाल परगना में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह करने वाले वन समुदाय का नेता था-

(i) बिरसा मुंडा (ii) सिद्धू

(iii) अलूरी सीता राम राजू (iv) गुण्डा धुव

4- 'समाजवाद का जनक' कौन था-

(i) रूसो (ii) कार्ल मॉक्स (iii) एंगल्स (iv) बाकुनिन

5- औपनिवेशिक सरकार अपराधी-जनजाति अधिनियम लायी-

(i) 1778 ई. में (ii) 1805 ई. में (iii) 1871 ई. में (iv) 1920 ई. में

6- भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अन्तिम रक्षक कौन है-

(i) उच्चतम न्यायालय (ii) राष्ट्रपति (iii) प्रधानमंत्री (iv) राज्यपाल

7- भारतीय संविधान का जनक किसे माना जाता है-

(i) डॉ. राधाकृष्णन को (ii) डॉ. भीमराव अम्बेडकर को

(iii) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को (iv) पं. जवाहरलाल नेहरू को

8- औपचारिक रूप से देश का सबसे बड़ा अधिकारी है-

(i) प्रधानमंत्री (ii) राष्ट्रपति (iii) मुख्य न्यायाधीश (iv) उपराष्ट्रपति

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

9- निम्न में से किस क्षेत्र में प्रवास के कारण आबादी, वितरण एवं संरचना में परिवर्तन आता है-

(i) प्रस्थान करने वाले क्षेत्र में (ii) आगमन वाले क्षेत्र में

(iii) प्रस्थान एवं आगमन दोनों क्षेत्र में (iv) इनमें से कोई नहीं

10- सिनकोना के वृक्ष कितनी वर्षा वाले क्षेत्र में पाए जाते हैं-

(i) 200 सेमी (ii) 70 सेमी (iii) 50 सेमी (iv) 50 सेमी से कम वर्षा

11- नीचे दिए गए स्थानों में किस स्थान पर विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है-

(i) सिलचर (ii) चेरापूँजी (iii) मौसिनराम (iv) गुवाहटी

12- गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिम तटीय पट्टी को कहते हैं-

(i) कोरोमंडल (ii) कन्नड़ (iii) कोंकण (iv) उत्तरी सरकार

13- भारत के दक्षिण भाग में स्थित दो पड़ोसी देश कौन-कौन से हैं-

(i) मालदीव और श्रीलंका (ii) श्रीलंका और पाकिस्तान

(iii) पाकिस्तान और अफगानिस्तान (iv) बंग्लादेश और म्यांमार

14- बंगाल की खाड़ी में स्थित केन्द्रशासित प्रदेश है-

(i) लक्षद्वीप (ii) श्रीलंका (iii) मालदीव (iv) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह

15- 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना' में ग्रामीण परिवार को कितने दिन के सुनिश्चित रोजगार का प्रावधान है-

(i) 50 दिन (ii) 100 दिन (iii) 250 दिन (iv) 315 दिन

16- विनिर्माण उद्योग किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आते हैं-

(i) प्राथमिक क्षेत्रक (ii) द्वितीयक क्षेत्रक

(iii) तृतीयक क्षेत्रक (iv) इनमें से कोई नहीं

17- व्यापार, परिवहन, संचार, बैंकिंग व बीमा सेवाएँ किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आते हैं-

(i) प्राथमिक क्षेत्रक (ii) द्वितीयक क्षेत्रक

(iii) तृतीयक क्षेत्रक (iv) इनमें से कोई नहीं

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

18- अनाज की उपलब्धता भारत में किस घटक के कारण और भी सुनिश्चित हुई है-

(i) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ii) बफर स्टॉक

(iii) (i) व (ii) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं

19- कमला द्वारा अपने घर में खाना बनाना, बर्तन माँजना, कपड़े धोना कौन-सी क्रिया है-

(i) आर्थिक क्रिया (ii) गैर-आर्थिक क्रिया (iii) आर्थिक श्रम (iv) ये सभी सत्य

20- कृषि, वानिकी व पशुपालन कौन-से क्षेत्र के अन्तर्गत है-

(i) प्राथमिक क्षेत्रक (ii) द्वितीयक क्षेत्रक

(iii) तृतीयक क्षेत्रक (iv) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न-1)

**नोट-उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिये-** **प्रत्येक 4 अंक**

1- बुग्याल से क्या आशय है? **अथवा**

काफिला से क्या आशय है?

2- हमें संसद की आवश्यकता क्यों है? **अथवा**

क्या संयुक्त राष्ट्र में स्थायी सदस्य देशों को वीटो का अधिकार देना चाहिए?

3- बांगर और खादर में क्या अन्तर है? **अथवा**

हिमालय को नवीन वलित पर्वत क्यों कहते हैं?

4- 'बेरोजगारी' शब्द की व्याख्या कीजिए। **अथवा**

निर्धनता के विविध आयामों को लिखिए।

## वर्णनात्मक प्रश्न-2

**नोट-उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये-** **प्रत्येक 6 अंक**

5- 1917 ई. को रूस की क्रान्ति के कारण लिखिए। **अथवा**

मासाई समुदाय के चारागाह उनसे क्यों छिन गए?

6- उच्चतम न्यायालय को संविधान का संरक्षक क्यों कहा जाता है?

**अथवा**

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

समानता के अधिकार की विवेचना कीजिए।

7- हिन्द महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति से इसे कैसे लाभ प्राप्त हुआ है?

अथवा

पूर्वी तथा पश्चिमी घाट में अन्तर लिखिए।

8- किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए नदियाँ महत्वपूर्ण क्यों है?

अथवा

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना क्या है?

9- मानचित्र कार्य-

क) निम्न स्थानों को दिए गए विश्व के रेखामानचित्र में ✱ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइये- **5 अंक**

i) जर्मन विस्तार के अन्तर्गत नाजी शक्ति वाले दो क्षेत्र

ii) जर्मनी, इटली

iii) पूर्व यूनियन सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिकन

iv) लिथुआनिया

v) बेल्जियम

ख) दिए गए भारत के रेखामानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्ह द्वारा दर्शाइये- **5 अंक**

i) के-2

ii) गंगा नदी

iii) 20 सेमी से कम वर्षा वाले क्षेत्र

iv) शिवपुरी नेशनल पार्क

v) कावेरी नदी

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner